हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नपा अध्यक्ष ने सफाई मित्रों और कर्मचारियों को बांटी मिठाई



07 दिव्यांग शिविर में 13 ही पहुंचे, प्रचार के अभाव में शासन की योजना से...



खबर संक्षेप

शिविर में मिले अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराया भर्ती

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत बड़ौदा ताल में आयोजित शिविर के दौरान दो अति कुपोषित बच्चे मिले। बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलते ही नोडल अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस बुलाई और दोनों को सिविल हॉस्पिटल सिरोंज के पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चों को उपचार, पौष्टिक आहार और जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर स्वस्थ बनाना है।

विदिशा की 2.71 लाख लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची नवंबर की राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत शुक्रवार को नवंबर माह की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं के खातों में राशि भेजी। इससे विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 144 लाड़ली बहनें लाभान्वित हुईं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार इनमें जनपद पंचायतों की 2 लाख 16 हजार 620 और नगरीय निकायों की 54 हजार 524 महिलाएं शामिल हैं। सभी हितग्राहियों के भुगतान आदेश बैंकों को भेजे जा चुके थे और अब लाड़ली बहनाओं के खातों में राशि आना शुरू हो जाएगी।

कार्रवाई: सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

कॉलोनाइजर से मारपीट व ऑफिस में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी धराए

संगम विहार कॉलोनी के कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के साथ मारपीट करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को 4 आरोपियों का जुलूस निकाला गया।



विदिशा। चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जुलूस निकाला और न्यायालय में पेश किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता के ऑफिस में तोड़फोड़ और अगले दिन रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट कर वीडियो बनाने वाले चार आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को चारों आरोपियों का जुलूस निकाला गया और उन्हे न्यायालय में पेश किया गया। टीआई राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही कॉलोनी के रहवासी हैं और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। टीआई ने बताया कि आरोपियों का पुराना कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी निखिल यादव, शेखर चिढ़ार, राहुल यादव, थान सिंह यादव ने मिलकर सुनील गुप्ता के ऑफिस में तोड़फोड़ की थी। बाद में सुनील गुप्ता को तमाचे मारते हुए वीडियो भी बनाया गया।

इस मामले में सुनील गुप्ता ने नवंबर को सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की इसके बाद आरोपियों के परिजनों ने माफी मांगी तो कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता ने पुलिस कार्रवाई से मना कर दिया, लेकिन फिर से आरोपियों ने उन्हे रास्ते में रोक लिया और उनके साथ मारपीट कर वीडियो बनाया। तब संगम विहार कॉलोनी के कॉलोनाइजर सुनील गुप्ता गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को गहोई वैश्य कल्याण समिति ने ज्ञापन सौंपा।

समाज ने कहा: 3.50 लाख लूटे पर केस साधारण धाराओं का लगा

गहोई वैश्य समाज ने लूट की धाराएं नहीं जोड़ने पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि 5 नवंबर को दिनदहाड़े कुछ लोग संगम विहार कॉलोनी स्थित सुनील गुप्ता के कार्यालय में घुसे थे। उन्होंने गुप्ता के साथ मारपीट की और कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित पक्ष के मुताबिक इस दौरान कार्यालय में रखे करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी आरोपी ले गए। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि पुलिस ने मामले में मारपीट और तोड़फोड़ का प्रकरण दर्ज किया है, लेकिन साढ़े तीन लाख रुपए ले जाने के आरोप को गंभीरता से शामिल नहीं किया गया।

जांच कर रहे

शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। - राजपाल सिंह जादौन, टीआई सिविल लाइन

शेयर बाजार की गिरावट से डूबा जिले के कई शिक्षकों के एनपीएस खातों का पैसा

कर्मचारियों की पेंशन पर संकट: बाजार में निवेश आधारित नई पेंशन व्यवस्था सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बनी चिंता का विषय

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और प्रमुख उद्योगपतियों की कंपनियों के शेयरों में गिरावट के कारण शिक्षकों के एनपीएस एकाउंट का पैसा बढ़ने की बजाय कम हो गया है। इसका असर नई पेंशन व्यवस्था (एनपीएस) से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी पेंशन पर भी पड़ेगा।



बाजार में गिरावट से पेंशन खातों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शेयर बाजार में निवेश आधारित पेंशन व्यवस्था के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विदिशा जिले में ऐसे सैकड़ों शिक्षक हैं जिनकी एनपीएस खातों से लाखों रुपए की राशि अचानक से कम हो गई। शिक्षकों और सरकार द्वारा मिलाया जाने वाला अंश जोड़कर शिक्षकों के एनपीएस खाते में जमा किया जाता है। यह राशि बढ़ाने की जगह काम हो रही है। विदिशा जिले में ऐसे सैकड़ो शिक्षक हैं जिनके लाखों रुपए डूब चुके हैं। पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निर्धारित नियमों के अनुसार पेंशन मिलती थी। इसमें अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में दिए जाने का प्रावधान बताया जाता है।

इसके विपरीत एनपीएस में पेंशन की राशि बाजार आधारित निवेश पर निर्भर रहती है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और न्यायाधीशों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू है, जबकि सामान्य सरकारी कर्मचारियों को बाजार के जोखिम में छोड़ दिया गया है।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग: एनपीएस से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिलना जरूरी है। बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण पेंशन राशि प्रभावित होने से कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो रहा है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

वर्ष 2004 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद कर नई पेंशन योजना लागू की गई थी। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों को एनपीएस के दायरे में लाया गया। इस व्यवस्था में कर्मचारियों के वेतन से निर्धारित राशि काटकर पेंशन खाते में जमा की जाती है, जिसका निवेश शेयर बाजार सहित विभिन्न वित्तीय माध्यमों में किया जाता है। एनपीएस में मिलने वाली पेंशन की राशि निवेश के प्रदर्शन और जमा पूंजी पर निर्भर करती है। यही कारण है कि बाजार में गिरावट आने पर कर्मचारियों की पेंशन निधि पर भी असर पड़ सकता है। पिछले महीने सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट के बाद एनपीएस खाताधारकों के बीच चिंता बढ़ गई है।

एसपी रोहित काशवानी ने परेड का निरीक्षण कर जवानों के अनुशासन और टर्नआउट का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस जवानों की अनुशासनबद्धता, वेशभूषा (टर्नआउट) और परेड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने जवानों की सजगता और शारीरिक दक्षता का भी अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस बल में अनुशासन, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखना बेहद जरूरी है। नियमित परेड और शारीरिक अभ्यास से जवानों की कार्यक्षमता बढ़ती है। साथ ही उनमें एकरूपता, अनुशासन और टीम भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने पुलिस बल को नियमित अभ्यास के माध्यम से शारीरिक दक्षता और अनुशासन का स्तर बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक नीरज सिकरवार सहित पुलिस लाइन का स्टाफ मौजूद रहा।

प्रतिबंध के बावजूद बाजार में घुस रहे 4 पहिया वाहन

विदिशा। दीपावली का त्योहार जाते ही यातायात पुलिस सुस्त हो गई है। बाजार में 20 तारीख तक के लिए तीन और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसकी निगरानी करने वाली यातायात पुलिस प्वाइंटों से नदारद है। वाहनों को रोकने के लिए तिलकचौक पर ट्रैफिक जवान की तैनाती थी, जो अब नदारद है। कारें बाजार में घुस रहीं हैं।

बेतवा के बड़वाले घाट पर जगह-जगह पसरी गंदगी 15 और 16 को छठ पूजा के लिए पहुंचेंगे सैकड़ों श्रद्धालु





छठ पूजा के लिए घाट पर पहुंचने वाली महिलाओं को गंदगी के बीच पूजा-अर्चना करनी पड़ सकती है

- समाजसेवियों के भरोसे बेतवा के घाटों की साफ-सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार से छठ पूजा की शुरुआत हो गई है। रविवार 15 नवंबर को महिलाएं बेतवा नदी के घाट पर पहुंचकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ पर्व का समापन होगा। पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन शहर के बड़वाले घाट पर सफाई व्यवस्था की बदहाली श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। बेतवा नदी के बड़वाले घाट पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। घाट परिसर में भगवान की पुरानी प्रतिमाएं भी पड़ी हुई हैं। ऐसे में छठ पूजा के लिए घाट पर पहुंचने वाली महिलाओं को गंदगी के बीच पूजा-अर्चना करनी पड़ सकती है।

अगले दो दिनों में यहां सैकड़ों की संख्या में महिलाएं परिवार सहित पहुंचेंगी। घाट की सफाई को लेकर न तो समाजसेवी आगे आ रहे हैं और न ही नगरपालिका ने अब तक कोई पहल की है। लोगों का कहना है कि विशेष त्योहारों के अवसर पर ही नगरपालिका द्वारा घाटों की सफाई कराई जाती है, जबकि आम दिनों में घाटों की व्यवस्था समाजसेवियों के भरोसे रहती है। छठ पूजा शुरू होने के बावजूद सफाई नहीं होने से नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शहर के अन्य नदी घाटों पर भी श्रद्धालुओं द्वारा ही सफाई की जाती है। इधर बेतवा नदी की दुर्दशा को लेकर भी सोशल मीडिया पर आवाज उठाई जा रही है, क्योंकि गंदे नाले बेतवा में मिल रहे हैं।

ग्राम चंपाखेड़ी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल लगेगा 19 विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे सेवाएं

अमेरिका-मुंबई की ईएनटी गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर जिजा विपुल मरखेड़कर के नेतृत्व में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नटेरन तहसील के ग्राम चंपाखेड़ी में कल रविवार को विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। विक्रान फॉर गुड फाउंडेशन के तत्वावधान में सुबह 10 बजे से आयोजित इस शिविर में विभिन्न रोगों के 19 विशेषज्ञ चिकित्सक ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।

शिविर का नेतृत्व अमेरिका और मुंबई की ईएनटी गोल्ड मेडलिस्ट एवं नाक-कान-गला सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जिजा विपुल मरखेड़कर करेंगी। शिविर में डॉ. राजीव जनरल सर्जरी, डॉ. गोविंद कुशवाह सर्जन, डॉ. राहुल जैन हड्डी रोग, डॉ. महेंद्र रघुवंशी चेस्ट रोग, डॉ. विमल कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. गौरव शर्मा बवासीर रोग, डॉ. मोहिनी स्त्री रोग, डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी और डॉ. शुभांग जैन त्वचा रोग, डॉ. सोनू कीर कुशवाह और डॉ. हेमंत यादव बाल रोग, डॉ. प्रमोद कुर्मी मेडिसिन, डॉ. दीपक र घु वं शी जनरल सर्जरी, डॉ. मनोज नटवानी मेडिसिन, डॉ. हरेंद्र रघुवंशी, डॉ. हरिलाल चौकिटिया दंत रोग, डॉ. मयंक चौरसिया इमरजेंसी मेडिसिन और डॉ. रवि दिवाकर हड्डी रोग सेवाएं देंगे। आयोजक राकेश मरखेड़कर ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने और शिविर का लाभ लेने की अपील की है।



राकेश मरखेड़कर

नागेश्वर मंदिर में मजदूर संघ का सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन आज सुबह 11 बजे इंदिरा कॉम्प्लेक्स बस स्टैंड के पास स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होगा। दूसरे सत्र में जिला संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

आरटीओ व जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह

नवनिर्मित ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का भी किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत परिवहन विभाग के सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने शुक्रवार को विदिशा का दौरा किया। उन्होंने जिला परिवहन कार्यालय और जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर कामकाज देखा।

परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने पीपीटी के जरिए विभागीय गतिविधियों और राजस्व प्राप्तियों की जानकारी दी। इस दौरान सिंह ने अभिलेखों के संधारण और आम लोगों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति भी देखी।उन्होंने अधिकारियों



से कहा कि शासकीय कामकाज में पारदर्शिता रहे और लोगों को अपने काम के लिए बार-बार कार्यालय न आना पड़े। आवेदनों का निराकरण तय समय में किया जाए, ताकि नागरिकों को सेवाओं के लिए अनावश्यक परेशानी न हो।सिंह ने विदिशा में नवनिर्मित ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने भवन और प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को सेंटर जल्द शुरू करने और निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चालकों को यातायात नियमों और सुरक्षित वाहन चालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलना चाहिए। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भाजपा एससी मोर्चा की जिला बैठक हुई, अनुसूचित जाति वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार विशेष रूप से शामिल हुए। उनके विदिशा आगमन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से संपर्क कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली।प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने सबसे पहले बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने अनुसूचित जाति छात्रावास पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं और विद्यार्थियों को मिल रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से भी संवाद किया। इस दौरान हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ मिलने और उनके क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक हुई। संभागीय प्रभारी डॉ. जितेंद्र चौहान, जिला प्रभारी गोपाल जाटव और जिला अध्यक्ष कमलेश मेहर के नेतृत्व में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर चर्चा की।

छात्रावास का निरीक्षण कर हितग्राहियों से योजनाओं के लाभ की ली जानकारी

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7355
सरसों
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-8940
चना
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-7450
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-6210
गेंहू
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-4970
बटरी
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3810
मूंग
न्यूनतम भाव-3710
उच्चतम भाव-7000
उड़द
न्यूनतम भाव-2680
उच्चतम भाव-7450
मक्का
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2761
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3542
ज्वार
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-6071
धान
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-5052
मटर
न्यूनतम भाव-1730
उच्चतम भाव-2860

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 37412 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भोपाल पहुंचने की अपील

गंज बासौदा। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि शनिवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के जन्मदिवस कार्यक्रम में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह 9 बजे राज्य रानी एक्सप्रेस से भोपाल प्रस्थान करेंगे। जिनको अपनी निजी वाहन से भोपाल पहुंचना है, वह निजी वाहन से भी जा सकते है। पूर्व विधायक ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जन्मदिन का कार्यक्रम कमलनाथ के बंगले पर सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

देर तक लगा जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लग रहा है। शुक्रवार को भी वाहनों के फंस जाने से इस मार्ग पर जाम लगा। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया,चार पहिया, ट्रक, बस सहित अन्य भारी वाहन गुजरते हैं। यातायात का अधिक दबाव होने से वाहनों के फंस जाने से प्रतिदिन की जाम लगता है।

नगर पालिका कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

नपा अध्यक्ष ने सफाई मित्रों और कर्मचारियों को बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गत वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने समारोह का आयोजन किया और कर्मचारियों को मिठाई बांटी।

कार्यक्रम में नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सीएमओ अशोक वर्मा एवं नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने सफाई कर्मचारियों सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को मिठाई वितरित की और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि दीपावली खुशियों और आपसी भाईचारे का पर्व है। नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों और सभी कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। त्योहारों के दौरान भी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सभी कर्मचारियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नपा सीएमओ अशोक वर्मा ने कहा कि नगर पालिका एक परिवार की तरह है। सभी अधिकारी और कर्मचारी मिलकर काम करें तो नगर का विकास और तेजी से होगा। उन्होंने सभी से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि कर्मचारियों के सहयोग से ही नगर में विकास कार्य संभव हो पा रहे हैं। उन्होंने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि आपसी प्रेम और सौहार्द से ही नगर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाकर खुशियां बांटीं। इस दौरान उत्सव का माहौल रहा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद नारायण सोनी, मूलचंद अहिरवार, एल्डरमैन भावना मलैया, गोपाल कुशवाह, सुरेंद्र सिंह दांगी, एचओ धीरज मैना आदि मौजूद रहे।

बीसीबी ब्रेकर्स फटने से नगर में 9 घंटे बिजली प्रदाय रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के विद्युत सब स्टेशन पर इनकमिंग सप्लाई से संबंधित BCB ब्रेकर्स में खराबी आने और ब्रेकर के पोल के फटने की घटना के बाद शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। तकनीकी खराबी के चलते बनवा फीडर की दिनभर बिजली आपूर्ति बंद रहने से नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह 10.30 बजे से लेकर देर रात तक लगभग 9 घण्टे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंजबासौदा विद्युत सब स्टेशन पर 33 केवी सप्लाई और इनकमिंग व्यवस्था के बीच स्थापित BCB ब्रेकर में खराबी आ गई। यह ब्रेकर विद्युत आपूर्ति को चालू एवं बंद करने तथा आवश्यकता पड़ने पर सप्लाई को नियंत्रित और अलग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ब्रेकर के पोल फटने से विद्युत संचालन प्रभावित हो गया, जिसके कारण बिजली की सप्लाई चालू करने और बंद करने में परेशानी उत्पन्न हुई। परिणामस्वरूप पचमा फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सुधार कार्य शुरू किया, लेकिन स्थानीय स्तर पर आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानी बढ़ गई। बताया जा रहा है कि आवश्यक उपकरण विदिशा से मंगवाना पड़ा, जिसके चलते सुधार कार्य में काफी समय लग गया और देर रात तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। दिन भर बिजली बंद रहने से विद्युत आधारित उद्योग-धंधों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा। मशीनों से संचालित होने वाले कामकाज ठप हो गए। दुकानदारों, छोटे व्यापारियों और बिजली पर निर्भर व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। शाम होते ही कई इलाकों में अंधेरा छा गया। बिजली के अभाव में पानी की मोटरें नहीं चल सकीं, जिसके चलते नागरिकों को पेयजल और दैनिक उपयोग के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। देर रात तक विद्युत सुधार कार्य और आपूर्ति बहाली को लेकर नागरिक परेशान रहे। नगरवासियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सब स्टेशन पर आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर आम नागरिकों को दिनभर बिजली संकट का सामना न करना पड़े। फाल्ट के कारण गायत्री नगर, साहू धर्मशाला, कर्मा देवी चौराहा, पुरानी नगर पालिका, मिर्जापुर, पंडापुरा, डीबी सिटी, नामदेव कॉलोनी, नई बस्ती, सिटी सेंटर, सिंधी कॉलोनी, अरिहंत नगर, त्योंदा रोड, पंचपीर, इंदिरा नगर, बनवा, नवनीत मैरिज गार्डन, सरस्वती नगर, देसाई मैरिज गार्डन क्षेत्र, समस्त लाल पठार क्षेत्र, पचमा बायपास सहित दोनों फीडरों से जुड़े क्षेत्र प्रभावित हुए।

इनका कहना है...

बनवा फीडर पर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर का पोल फटने से एवं लाइटनिंग अरिस्टर खराब होने से विद्युत सप्लाई बाधित हुई थी। विदिशा से उपकरण बुलवाए गए थे और कार्य पूर्ण होते ही देर शाम विद्युत प्रदाय चालू बहाल कर दिया गया है।

पवन कोरी
जेई विद्युत वितरण कंपनी

केबल चोरों पर पुलिस नहीं कर रही गंभीरता से कार्रवाई



गंजबासौदा। इलाके में केबल चोर लंबे समय से सक्रिय हैं और पुलिस को उनके बारे में जानकारी होने के बाद भी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे केबल चोरों के हौसले बुलंद हैं और इन दिनों खेतों में सिंचाई शुरू होने के चलते केबल चोर भी फिर से सक्रिय हो गए हैं। गत दिवस ही केबल चोरों ने हतौडा में आधा दर्जन किसानों की केबल काटकर चोरी कर ली हैं।
यहां उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में अज्ञात चोरों ने ग्राम बरखेडा में देवेश पुरोहित, जसिया में जालम सिंह, प्राणसिंह, बालरा में संजीव, सीताराम, गजनई में मुकेश, राजू, देवेन्द्र और विजय सिंह की केबल काटकर चोरी कर ली थीं। इन चोरों ने केबल लाइन काटने के बाद गांव के ही पास में उन्हें जलाकर उनमें से कॉपर निकाला था और नगर में एक कबाडी को बेंच दिया था। घटना के समय कुछ ग्रामीणों ने चोरों को केबल जलाते हुए भी देखा था और उनकी फोटो वीडियो बनाई थी। इस आधार पर ग्रामीणों ने उक्त चोरों को पकडकर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने केबल चोरी कर कबाडी को बेचने की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त पूरी जानकारी और चोरों के नाम सहित पुलिस को शिकायत की थी, लेकिन कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इस घटना के कुछ दिन बाद ही ग्राम रजौदा के किसान संजय यादव के खेत से भी अज्ञात चोर करीब 350 फीट केबल काटकर ले गए थे। संजय यादव ने बताया कि उनका खेत गांव में स्थित है, जिसमें पानी देने के लिए एक बोर है। बोर में पानी की मोटर लगी हुई है। अज्ञात चोरों ने 10 जुलाई की रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच चोरी करने की कोशिश की। चोर मोटर कंपनी के बिल के साथ करीब 350 फीट लंबी केबल काटकर ले गए। किसान का कहना है कि चोरों ने मोटर भी निकालने की कोशिश की, लेकिन किसी कारण से वे मोटर को निकाल नहीं पाए और उसे वहीं छोड़कर भाग गए। चोर मोटर के पास रखे बिल को भी अपने साथ ले गए। शिकायत में किसान ने बताया कि चोरों की इस हरकत से उन्हें काफी परेशानी और आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान संजय यादव के अनुसार उन्होंने इसकी शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई और चोरों की धरपकड नहीं की। किसान ने मांग की है कि पुलिस ऐसे मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करे तो किसानों के नुकसान को रोका जा सकता है।

नपा अमले ने हाथ ठेला संचालकों को दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा निर्देशन में नपा अमले द्वारा जय स्तम्भ चौक से रेल्वे स्टेशन रोड के बीच बाजार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए। सड़क किनारे खड़े वाहन, हाथ ठेले और दुकान के बाहर रखे सामान से आमजन को होने वाली परेशानियों को लेकर समझाईश दी गई। नगरपालिका ने नगरवासियों को व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

वाचनालय में मनाई पुण्यतिथियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में मौलाना अब्दुल कलाम, आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री का जन्म दिवस एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि मनाकर पाठक संघ के सदस्यों ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस क्यों मनाया जाता है, उस पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता सुनील बाबू पिंगले ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सदी का महानायक बतलाया।
उन्होंने बतलाया कि पंडित मदन मोहन मालवीय जिन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए सत्यमेव जयते का नारा दिया था। वहीं भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद उन्हें भी भारत रत्न से नवाजा गया था। वह भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे उन्होंने यूजीसी, आईआईटी साहित्य कला अकादमी एवं संगीत कलाकार अकादमी की स्थापना मे अपना विशेष सहयोग प्रदान किया था। इस अवसर पर बलराम सिंह दांगी, कुलदीप सिंह, राजपूत कैलाश नामदेव, मोहन सैनी, शरद जैन, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके कई संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों सहित अन्य पाठकगण उपस्थित थे।

ट्रैक के दोनों ओर लगने लगी मेटल फेंसिंग

गंजबासौदा। रेल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में पश्चिम मध्य रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। गंजबासौदा से बीना के बीच रेलवे ट्रैक के दोनों ओर मेटल बीम फेंसिंग लगाई गई है। इसकी मजबूती और सुरक्षा के लिए नट-बोल्ट पर बेल्डिंग भी की जा रही है। इसका उद्देश्य आवारा मवेशियों को पटरियों तक पहुंचने से रोकना और लोगों की अनधिकृत आवाजाही पर अंकुश लगाना है। रेलवे की इस पहल से ट्रैक की सुरक्षा मजबूत होने के साथ भविष्य में ट्रेनों को 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलाने की तैयारी को भी बल मिलेगा। रेलवे के एक जिम्मेदार अधिकारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि भोपाल मंडल का गंजबासौदा-बीना रेलखंड व्यस्त रेल मार्गों में शामिल हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब 180 से 200 एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और मालगाड़ियां गुजरती हैं। कई स्थानों पर मवेशियों के अचानक ट्रैक पर पहुंचने और ग्रामीणों के शॉर्टकट के लिए पटरियां पार करने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। फेंसिंग से ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी। रेलवे की भविष्य की योजना में ट्रेनों को 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की गति से चलाना शामिल है। राजधानी और वंदे भारत जैसी तेज रफ्तार ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के आसपास का क्षेत्र सुरक्षित होना जरूरी है। मेटल फेंसिंग इसी दिशा में अहम कदम है। हालांकि, गति बढ़ाने के लिए ट्रैक, सिग्नलिंग और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करना होगा।

शीतला माता मंदिर प्रांगण में हो रहा कथा का आयोजन

श्रीमद् भागवत कथा में सुनाए अनेक प्रसंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

हनुमान चौक स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा कि शास्त्रों में भगवान के अवतार का उद्देश्य धर्म की स्थापना और अधर्म का विनाश बताया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान भक्तों को सान्निध्य देने और उनकी भावनाएं पूर्ण करने के लिए भी अवतार लेते हैं। भक्त सच्चे मन से भगवान को पुकारते हैं तो वे उनकी रक्षा के लिए आते हैं। उन्होंने महाराजा पृथु का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान ने प्रसन्न होकर पृथु महाराज से वरदान मांगने के लिए कहा। पृथु ने भौतिक सुख मांगने के बजाय दस हजार कानों का वरदान मांगा। उनका भाव था कि वे भक्तों के मुख से भगवान की दिव्य कथाओं का निरंतर श्रवण कर सकें। पंडित ऐलिया ने कहा कि भौतिक सुखों की अपेक्षा भगवान की कथा और सत्संग का महत्व अधिक है। कृष्ण जन्म प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि मथुरा के राजा कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया था। कंस ने देवकी के छह पुत्रों का वध कर दिया। सातवें गर्भ में शेषनाग के अवतार भगवान बलराम का प्रकाट्य हुआ। इसके बाद भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। वासुदेव की बेड़ियां खुल गईं और पहरेदार सो गए। वे बालकृष्ण को लेकर यमुना पार कर नंदबाबा और यशोदा के घर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ उत्सव मनाया। खिलौने, लड्डू और माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।
टोकरी में विराजमान बाल गोपाल की झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। कथा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित मुख्य यजमान रमका गोपी लाल सैनी, सुषमा, आशीष, रानू, मनीष सैनी सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

स्वच्छता सर्वे के पुरस्कार के असली हक दार सफाई कर्मी हैं: राजकुमार पचौरी

सागर। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू जी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर शहर के हृदय स्थल तीन बत्ती पर गौर मूर्ति के समक्ष शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने सागर नगर निगम के सफाई कर्मचारी, सफाई दरोगा आदि का फूल माला पहनाकर, शाल उड़ाकर, श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने स्वच्छता सर्वे 2026 में सागर को प्रथम तीन शहरों में आने का श्रेय सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दूतों को दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चक्रेश सिंघई ने इस अवसर पर कहा कि अभी भी भारी कमियां हैं, सीवेज की समस्या शहर के हर वार्ड में है, ओवरफ्लो से कीचड़ की स्थिति अत्र तत्र बनी रहती है। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू, पप्पू गुप्ता, शैलेन्द्र तोमर, अवधेश तोमर, पकंज सिघई, परख शुक्ला, रिंकू केसरवानी, नारायण विश्वकर्मा, राकेश छावड़ा आदि रहे मौजूद।

बासौदा लीजेंड्स चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरूवार से शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के खेल मैदान में बासौदा लीजेंड चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु हो गया है। स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट में 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को टूर्नामेंट में सुबह लीजेंड मीडिया और दाऊ-11 के बीच मैच हुआ। इसमें लीजेंड मीडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दाऊ-11 की शुरुआत खराब रही। नितिन यादव और जितेंद्र के जल्दी आउट होने के बाद विक्की परिहार भी अपना विकेट गंवा बैठे। इससे टीम दबाव में आ गई। हालांकि मयंक टांक ने 14 गेंदों में 44 रन की तेज पारी खेलकर मुकाबले में वापसी की कोशिश की। दाऊ-11 को अंतिम ओवर में जीत के लिए 18 रन की जरूरत थी। लीजेंड मीडिया की ओर से हीरेंद्र यादव ने आखिरी ओवर डाला और शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट हासिल किए। वहीं दूसरा मैच रीत स्टार और राइजिंग स्टार के बीच हुआ। जिसमें रीत स्टार के बल्लेबाज आशीष दुबे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए और टीम का स्कोर 151 तक पहुंचा दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार के बल्लेबाजों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसमें सुनील खत्री, अन्नू यादव, सिद्धार्थ ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन टीम निर्धारित ओवरों में अपने लक्ष्य को नहीं पा सकी और मैच रीत स्टार ने जीत लिया। जीत दर्ज की। हीरेंद्र यादव ने टूर्नामेंट का पहला शतक लगाया और गेंदबाजी में भी दो विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। टॉस जीतकर लीजेंड मीडिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनिंग करने उतरे हीरेंद्र यादव ने शुरुआत से ही शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने आखिरी ओवर तक क्रीज पर टिके रहते हुए छक्के-चौकों की मदद से 108 रन बनाए। यह टूर्नामेंट का पहला शतक रहा। उनकी पारी की बदौलत टीम ने 150 रन का

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविर में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल

दिव्यांग शिविर में 13 ही पहुंचे, प्रचार के अभाव में शासन की योजना से वंचित रह





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय विदिशा से जिला मेडिकल बोर्ड की टीम सिरोंज पहुंची और दिव्यांगजनों की जांच कर पात्र हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण की प्रक्रिया संपन्न की। शासन की मंशा थी कि क्षेत्र के अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य परीक्षण और दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सुविधा मिल सके, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय व्यवस्थाओं और प्रचार-प्रसार के अभाव के चलते शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ अपेक्षित हितग्राहियों तक नहीं पहुंच सका। शिविर में पूरे दिन की गतिविधियों के दौरान मात्र 13 दिव्यांगजन ही जांच के लिए पहुंचे। इतनी कम संख्या में दिव्यांगजनों के पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों और शिविर के प्रचार-प्रसार को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। सवाल यह है कि जब शासन द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया था, तो इसकी जानकारी क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा क्या प्रयास किए गए। स्थानीय स्तर पर शिविर से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने के कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक दिव्यांगजन शिविर की जानकारी से अनजान रहे।

शासन की मंशा और जमीनी हकीकत में नजर आया अंतर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता और सहजता से उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए ऐसे शिविर काफी महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उन्हें कई बार आर्थिक, शारीरिक और परिवहन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर शिविर आयोजित होना उनके लिए बड़ी सुविधा साबित हो सकता था। लेकिन जब शिविर की जानकारी ही जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचेगी, उद्देश्य कैसे पूरा होगा। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय जिम्मेदारी और बीएमओ डॉ. नीरज पंथी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शपहले व्यापक स्तर पर सूचना प्रसारित करने, ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को चिह्नित करने तथा लाने के लिए समन्वय किया जाना चाहिए था।

जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होना जरूरी

वही सवाल यह भी है कि क्या स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर की जानकारी सभी स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायतों और मैदानी कर्मचारियों तक पहुंचाई गई थी। क्या क्षेत्र के दिव्यांगजनों को व्यक्तिगत रूप से सूचना देने की कोई व्यवस्था बनाई गई थी। यदि नहीं, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है। शासन की योजनाओं और अभियानों का वास्तविक लाभ तभी आमजन तक पहुंच सकता है, जब स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। अब आवश्यकता है कि स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले की समीक्षा करे और यह पता लगाए कि प्रचार-प्रसार में कमी कहां रही। साथ ही छूटे हुए दिव्यांगजनों के लिए दोबारा शिविर आयोजित कर उन्हें लाभान्वित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि महज जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र हितग्राही अपने अधिकार और सुविधा से वंचित न रहे।

कलेक्टर के दौरे से पहले चक्काजाम सड़क की मांग को लेकर बैठे ग्रामीण

रूसल्लीघाट, टपरा तक सड़क निर्माण की मांग कर रहे

पुलिस ने किया बल प्रयोग तो ग्रामीणों ने किया पथराव, सड़क की मांग को लेकर महिलाएं भी उतरीं मैदान में



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

क्षेत्र के ग्राम रूसल्लीघाट के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से टपरा तक सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। इसी मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण रूसल्लीघाट-बमूलिया मार्ग स्थित पुलिया पर एकत्रित होकर बैठ गए और चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों को जानकारी मिली थी कि शुक्रवार को विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता क्षेत्र के दौरे पर आने वाले हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने अपनी समस्या सीधे कलेक्टर के सामने रखने का निर्णय लिया और उनके आने से पहले ही पुलिया पर एकत्रित होकर सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा था। इसी सिलसिले में कलेक्टर अंशुल गुप्ता का क्षेत्र में दौरा प्रस्तावित था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि कलेक्टर के सामने अपनी समस्या रखने से वर्षों से चली आ रही सड़क की परेशानी का समाधान हो सकेगा। इसी उद्देश्य से महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में पुलिया पर बैठ गए, जिससे मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने लगा।

ग्रामीणों के एकत्रित होकर चक्काजाम करने की सूचना जैसे ही पुलिस प्रशासन को मिली, पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर रास्ता खोलने और प्रदर्शन समाप्त करने के लिए कहा, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। इसी दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच कहासुनी के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को हटाने के लिए बल प्रयोग और लाठी चलाए जाने पर मौके पर मौजूद महिलाएं आक्रोशित हो उठीं। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति बन गई। ग्रामीणों की ओर से पुलिस पर पत्थर फेंके जाने की बात भी सामने आई। कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी और भगदड़ का माहौल बना रहा। बाद में पुलिस ने बलपूर्वक प्रदर्शनकारियों को हटाकर मार्ग को खाली कराया। घटना के कुछ समय बाद स्थिति सामान्य हुई और विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता का काफिला बिना किसी अवरोध के वहां से गुजर गया। हालांकि इस घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों की सड़क संबंधी समस्या और प्रशासन के सामने अपनी बात रखने को लेकर उठे सवाल चर्चा का विषय बने रहे।

पहले से स्वीकृत है सड़क ग्रामीणों को नहीं थी जानकारी

इस पूरे मामले में एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्टर साहब का भी क्षेत्र में दौरा था। रूसल्लीघाट के ग्रामीण जिस सड़क की मांग कर रहे थे, वह सड़क पूर्व में ही स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया है तथा जिस सड़क की मांग उनके द्वारा की जा रही है, उसका सर्वे भी कराया गया है। ग्रामीणों को समझाइश देकर मामले को शांत कराया गया है।

अपनी समस्याओं को बताने का नही मिला अवसर

सवाल यह भी कि जब ग्रामीण अपनी समस्या बताने पहुंचे थे, तो उन्हें सुनने का पर्याप्त अवसर क्यों नहीं मिला। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य ही आमजन की समस्याओं को सुनना और उनका निराकरण करना है। ऐसे में सड़क जैसी मूलभूत सुविधा की मांग लेकर पहुंचे ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की बात प्रशासन तक पहुंचाने के लिए संवाद का रास्ता कितना प्रभावी रहा, यह भी इस घटनाक्रम के बाद चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों को सड़क की स्वीकृति और आगे की निर्माण प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाती तो शायद इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होती। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि स्वीकृत सड़क का निर्माण जल्द शुरू होगा और उन्हें आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी।

इनका कहना है

रूसल्लीघाट के ग्रामीण जिस सड़क की मांग कर रहे थे, वह पूर्व में ही स्वीकृत हो चुकी है। ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं थी। उनकी समस्याओं को सुना गया है और संबंधित सड़क का सर्वे भी किया गया है। ग्रामीणों को समझाइश देकर मामले को शांत कराया गया है।

ओम नारायण बड़कुल, एसडीएम सिरोंज

बिजली विभाग के शिविर में 22 समस्याओं का किया निराकरण

सिरोंज। विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उनकी शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही समाधान हो सके, इस उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा संपर्क अभियान के अंतर्गत नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास वार्ड क्रमांक 19 रावजीपुरा में संपर्क अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण की कार्रवाई की। शिविर के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपभोक्ताओं ने बिजली



बिलों में गड़बड़ी, विद्युत कनेक्शन, बिल सुधार एवं अन्य विद्युत संबंधी परेशानियों को लेकर विभागीय कर्मचारियों के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। विभाग की टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका परीक्षण किया गया तथा जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली।

ट्रक को ओवरटेक करने में बाइक भिड़ीं, 6 घायल



सिरोंज। ग्राम बगरोदा के समीप शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे के आसपास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बाइकों पर तीन-तीन लोग सवार थे। इसी दौरान ग्राम बगरोदा के पास एक बाइक सवार द्वारा ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे ने एक बार फिर सड़क पर जल्दबाजी और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर किया है।

तिलकगंज वार्ड में बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या 20 को

सागर। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से तिलकगंज वार्ड में आगामी 20 नवंबर को एकादशी के पावन अवसर पर 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' द्वितीय वर्ष भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम युवा मंडल तिलकगंज वार्ड के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह भव्य धार्मिक कार्यक्रम एम एस गार्डन के पीछे, तिलकगंज वार्ड, सागर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत रात्रि 9 बजे से होगी। इस धार्मिक आयोजन को दिव्य बनाने के भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आमंत्रित कलाकारों में सागर से जयंत विश्वकर्मा, भोपाल से श्री ऋषि विश्वकर्मा और रहली से सुश्री सौम्या बुढ़ौलिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

'सम्मान जो समाज के काम आए' संकल्प के तहत विद्यार्थियों और महिलाओं को बांटी उपयोगी सामग्री

मालथौन। सम्मान तभी सार्थक है, जब वह जरूरतमंदों के जीवन में उपयोगी साबित हो और समाज के काम आए। इसी उद्देश्य से पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने 'सम्मान जो समाज के काम आए' का संकल्प लिया है। इसके तहत माल्यार्पण और गुलदस्तों के स्थान पर उपयोगी सामग्री भेंट करने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय धौरई खास और सीपुर खास में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं महिलाओं को सामग्री वितरित की। दोनों विद्यालयों में 300 बच्चों को सामग्री पैकेट, 150 महिलाओं को साड़ी एवं कंबल तथा 20 बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आग्रह किया है कि सम्मान के रूप में फूल-मालाओं और गुलदस्तों के बजाय बच्चों के लिए ड्रेस, टिफिन, कॉपी, पेन, बैग, पेंसिल और जरूरतमंदों के लिए कंबल सहित उपयोगी सामग्री भेंट की जाए, ताकि सम्मान की परंपरा समाजसेवा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि मालथौन क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों के माध्यम से सुविधाओं का विस्तार हुआ है। स्कूल-कॉलेज खुलवाने के साथ विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि बेटियां और बेटे समान रूप से शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, कलेक्टर और इंजीनियर जैसे पदों पर पहुंचें तथा अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में जयंत सिंह बुंदेला, रावराजा राजपूत, अरविंद लोधी, रामकुमार बघेल, पुष्पेंद्र तोमर, मालती अहिरवार, वीरसिंह यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पश्चिम क्षेत्रीय अंतरविश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय एवं बीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) से स्वीकृत पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्व विद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का शुक्रवार को बीटी ग्रुप परिसर सिरोंजा में भव्य शुभारंभ हुआ। 13 से 18 नवंबर तक चलने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया रहे, जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नागेश दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शारीरिक शिक्षा संचालक डॉ. विवेक बी. साठे, महा विद्यालयीन विकास परिषद के निदेशक प्रो. एनपी सिंह और एआईयू पर्यवेक्षक डॉ. सुशील कुमार उपस्थित रहे।बीटी ग्रुप के चेयरमैन संतोष कुमार जैन ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी गौरव का विषय है। खेलों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुशासन, समर्पण और खेल भावना है।

कुलगुरु प्रो. नागेश दुबे ने कहा कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों में सहभागिता जरूरी है। कबड्डी भारतीय परंपरा से जुड़ा खेल है, जो शारीरिक क्षमता के साथ रणनीति, साहस और टीम समन्वय की सीख देता है।

ग्राम पंचायत झागरी में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा के समीपस्थ ग्राम पंचायत झागरी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत रहली के सीईओ ऋषिराज खत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

'संजोग-2026' जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26-27 दिसंबर को सागर में

सागर। सकल जैन समाज को संगठित करने और विवाह योग्य युवक-युवतियों को जीवनसाथी चयन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 'संजोग-2026' का आयोजन 26 एवं 27 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में किया जाएगा। संजोग समिति के तत्वावधान में आयोजित यह 23वां परिचय सम्मेलन होगा।समिति अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि सम्मेलन में देशभर के जैन समाज के युवक-युवतियों और उनके परिवारों को आपसी परिचय एवं संवाद का अवसर मिलेगा। अब तक 500 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हो चुके हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं।मुकेश जैन खमकुआं ने बताया कि पंजीयन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। पंजीयन शुल्क 800 रुपये तथा डाक से परिचय पत्रिका प्राप्त करने का शुल्क 900 रुपये रखा गया है।

मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा देने की मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

अवैध शराब की बिक्री रोकने और आबकारी विभाग पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री पर रोक लगाने और आबकारी विभाग की कथित निष्क्रियता के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी को सौंपकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके पहले गुरुवार को कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया था।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि बंडा में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद भी अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ है। कई परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं और उनके बच्चों का भविष्य संकट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि सागर में फिर अवैध शराब की बिक्री शुरू हो गई है और लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने बंडा की घटना की जांच कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी की।

ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध शराब से मृत व्यक्तियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ न हो, मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा जुआ-सट्टा और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शहर के होटलों में संचालित जुआ फड़ों को भी तत्काल बंद कराने की मांग की गई।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने आबकारी विभाग की जिला अधिकारी वंदना पांडे को पद से हटाने की मांग करते हुए उनके कार्यकाल में अवैध शराब का कारोबार जारी रहने पर सवाल उठाए। वहीं अमित रामजी दुबे ने प्रत्येक थाने में 15 दिन में शांति समिति की बैठक कराने, अवैध शराब की सूचना के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने और संबंधित थानों का वरिष्ठ अधिकारियों से नियमित निरीक्षण कराने की मांग की।

रामकुमार पचौरी ने कहा कि कांग्रेस लगातार प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को लेकर आगाह कर रही है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश पटेरिया के अस्पताल से जुड़े मामले में भी अलग ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोप लगाया गया कि लक्ष्मीपुरा वार्ड स्थित मकान नंबर 72 में 35 वर्षों से संचालित अस्पताल का सामान 5 नवंबर को उनकी अनुपस्थिति में बाहर फेंककर शटर पर ताला लगा दिया गया। सामान में चिकित्सा उपकरण और जरूरी दस्तावेज भी शामिल थे। कांग्रेस ने संबंधित मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई और अस्पताल का सामान वापस दिलाने की मांग की।ज्ञापन का वाचन जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर अन्नी दुबे ने किया तथा आभार उपाध्यक्ष डॉ. आनंद हैला ने माना।

इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदीप पप्पू गुप्ता, सुरेंद्र सुहाने, शरद पुरोहित, कमलेश तिवारी, डॉ. किरण लता सोनी, रेखा सोनी, रोशनी, वसीम खान, दीनदयाल तिवारी, राहुल चौबे, सागर साहू, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, निलेश अहिरवार, डॉ. दिनेश पटेरिया, राजू राठौड़, ज्योति मलैया, विनोद रैकवार, महेश अहिरवार, धन सिंह अहिरवार, कुंजीलाल लडिया, मयंक ठक्कर, शिवराज, सुनील ठाकुर, बाबू मछंदर, कल्लू पटेल, राहुल खटीक, राजेश श्रीवास, राजीव अहिरवार, प्रीतम यादव, वीरेंद्र महावते, हरिश्चंद्र सोनवार, नौशाद अब्बासी, मानसिंह चौधरी, अर्चना कनौजिया, नरेश चौधरी, अनिल दक्ष, सुनील पाहवा, डॉ. गीता कुशवाहा, प्रदोष कुरैशी, शाहबाज कुरैशी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित हुए।

माटीशिल्पियों व कारीगरों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू

सागर। मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रदेश में कार्यरत माटीशिल्पियों एवं कारीगरों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनकी माटीशिल्प इकाइयों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए बोर्ड द्वारा 'माटीशिल्प इकाई/कारीगर पंजीयन निर्देश-2023' जारी किए गए हैं। जिले में कार्यरत माटीशिल्पियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूहों का पंजीयन होने के बाद मुख्यालय भोपाल द्वारा उन्हें पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। पहचान पत्र के माध्यम से माटीशिल्पी अपने उत्पादों को विभिन्न मेलों एवं प्रदर्शनियों में प्रदर्शित कर विक्रय कर सकेंगे। बेहतर आजीविका के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनने के साथ शासन की योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिला अधिकारी, माटीकला बोर्ड ने जिले के समस्त पात्र माटीशिल्पियों एवं कारीगरों से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व संबंधित कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर इकाई पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कराएं। उल्लेखनीय है कि माटीशिल्प इकाई का पंजीयन पूर्णतः निशुल्क रहेगा।

कार्यालय नगर परिषद, कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)

Telephone & Fax No. 07593-247232, E-mail- cmokurwai@mpurban.gov.in

क्रमांक / लो.नि.वि./2026/1700 कुरवाई, दिनांक 12.11.2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर परिषद कुरवाई जिला विदिशा केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से निम्नलिखित कार्य के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के वर्तमान प्रचलित यूएडीडी आई.एस.एस. आर. 02 अगस्त 2021 के आधार पर ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से प्रतिशत दरों में निविदाएँ आमंत्रित करती है :-

ई-टेन्डर आई.डी.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि व समय
2026_UAD_548821_1	Tender for Supply of Ferric Alumino Ferric Grade 4	7000/-	2000/-	12 नबम्बर 2026 17.30 बजे तक	26 नबम्बर 2026 17.30 बजे तक
2026_UAD_548838_1	Tender for Supply of Stable Bleaching Powder Type 1	4000/-	2000/-		
2026_UAD_548865_1	Tender for Supply of Sodium Hypochlorite	4000/-	2000/-		
2026_UAD_548914_1	Construction of Drain from Maya devi House to Main Nala	2100/-	1000/-		

नोट : विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने के लिये http://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है, अधिक जानकारी के लिये लोकनिर्माण शाखा नगर परिषद कुरवाई में सम्पर्क करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कुरवाई

किसानों का सवाल - वारदात हुई तो इसमें हमारा क्या दोष ? आंदोलन तेज करने की चेतावनी

लूट की घटना पर व्यापारियों ने नीलामी कार्य किया बंद, विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन



किसानों की बात

नीलामी बंद होने से किसानों को उठानी पड़ रही परेशानी

बोले - चोरी की पुलिस कर रही जांच ऐसे में नीलामी रोकना उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुक्रवार को भोपाल मार्ग स्थित कृषि उपज मंडी में व्यापारियों द्वारा नीलामी बंद करने पर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। कृषि मंडी में हुई अनाज व्यापारी मनोज राठौर की दुकान में लाखों रुपए की लूट की घटना के बाद अनाज व्यापारियों द्वारा नीलामी प्रक्रिया बंद किए जाने से नाराज किसानों ने चक्काजाम कर दिया। किसानों ने गल्ला व्यापारियों के इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि लूट की घटना हुई है, कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। फिर इसकी सजा किसानों को क्यों दी जा रही है ?

किसानों का कहना है कि वे अपनी उपज बेचने दूर-दराज के गांवों से मंडी पहुंच रहे हैं। यहां आने के बाद नीलामी बंद होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। इसके बावजूद व्यापारियों ने नीलामी शुरू करने के बजाय कामकाज बंद रखा है।

किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मंडी में लूट की वारदात एक अनाज व्यापारी के फर्म के ऑफिस में हुई है। पुलिस चोरों का सुराग लगाने तेजी से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। ऐसे में व्यापारियों द्वारा नीलामी रोकना उचित नहीं है। किसानों ने सवाल किया कि सुरक्षा व्यवस्था और लूट की घटना से उनका क्या लेना-देना है। जो उन्हें अपनी उपज बेचने परेशान होना पड़ रहा है। किसान बोले मंडी में किसानों की उपज बेचने अशोक नगर, बैरसिया सीहोर, रायसेन के आसपास गांवों से धान सोयाबीन की भारी आवक हो रही है। किसानों को रोजाना व्यापारियों द्वारा 15 से 16 करोड़ रूपये का कैश पैमेंट हो रहा है।

जल्द नीलामी शुरू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

चक्काजाम कर रहे किसानों ने चेतावनी दी कि व्यापारियों ने जल्द ही नीलामी प्रक्रिया शुरू नहीं की और किसानों की परेशानी दूर नहीं की तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। किसानों का कहना है कि मंडी में उपज की खरीद-बिक्री सामान्य रूप से शुरू होनी चाहिए, ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने भटकना न पड़े।

24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन

व्यापार महासंघ और राठौर समाज ने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र गिरफ्तारी की मांग



रायसेन। कृषि उपज मंडी रायसेन में गल्ला व्यापारी मनोज राठौर की दुकान के ऑफिस में तोड़फोड़ कर हुई करीब 20 लाख रुपए की लूट और मुनीम पदम सिंह यादव पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को व्यापार महासंघ, राठौर समाज ने पुलिस अधीक्षक और डीआईजी वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने की मांग की।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष संतोष साहू सहित व्यापारियों और राठौर समाज के प्रतिनिधियों ने घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना से व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

ज्ञापन के माध्यम से पुलिस प्रशासन से मांग की गई कि लूट की वारदात में शामिल आरोपियों को तत्काल चिह्नित कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाए। साथ ही लूटी गई रकम की बरामदगी और घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

व्यापारियों ने कहा - पुलिस जल्द करे चोरी का खुलासा

ज्ञापन में चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर राठौर क्षत्रिय समाज और व्यापारी वर्ग आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द खुलासा करने और मंडी क्षेत्र में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर क्षत्रिय राठौर समाज के राजू राठौर , कामता प्रसाद राठौर, मनोज राठौर सूर्या राठौर मिलन राठौर, पवन राठौर, अभिषेक, नीलम राठौर आदि शामिल हुए।

डीआईजी बोले- हर एंगल से होगी जांच, जल्द ही लूट का खुलासा होगा



रायसेन कृषि उपज मंडी में हुई करीब बीस लाख रूपये की लूट के मामले में नर्मदापुरम-रायसेन पुलिस संभाग रेंज के डीआईजी वीरेंद्र कुमार सिंह रायसेन पहुंचे और मीडिया कर्मियों से चर्चा की।

पत्रकारों के सवाल - जांच में अब तक क्या निकला और पुलिस कैसे जांच कर रही है? -

डीआईजी वीरेंद्र सिंह ने कहा - देखिए, आज जो ये आधी रात के दरमियान की घटना है। इसमें अनाज व्यापारी मनोज राठौर हैं, उनके अनुसार वहां पर लगभग 15 से 20 लाख रुपए अलमारी में कैश रखे थे। ऐसी घटना हुई है। हम लोगों ने पहले स्पॉट देखा है और अलग-अलग हम लोगों ने इस पर जांच टीमें बनाई हैं और सबको अलग-अलग टॉस्क दिए गए हैं। इसमें हर तरीके से जो इनवेस्टिगेशन के तरीके होते हैं, पूरे प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही इस लूट की वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।



विभागों के कामों की बिंदुवार समीक्षा की

विधायक देवेंद्र पटेल ने विकास कार्यो की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र पटेल ने तहसील कार्यालय बेगमगंज के सभाकक्ष में तहसील स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत में विधायक श्री पटेल ने सभी विभागों के कामों की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण प्रमुख रूप से सुल्तानगंज रोड़, बेगमगंज से बोरिया तिगडडा रोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी ली और सीघ्र निर्माण पूरा करने एमपीआरडीसी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य सुविधाएं के संबंध में बीएमओ ने बताया कि स्टाफ नर्स की कमी है और डाक्टरों की कमी है जिसमें कुछ सुल्तानगंज अटैच है जिसके कारण समस्याएं आती है, विधायक श्री पटेल ने अस्पताल में सुविधाओं को उपलब्ध कराने के प्रसताव तैयार कर शासन से मांग रखने की बात कही।

वहीं नगर पालिका क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में नल-जल योजना, सड़क निर्माण, नाली निर्माण को लेकर जहां-जहां जनता को असुविधा हो रही है उन जगहों पर शीघ्र कार्यों को पूरा कराने सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देश दिए। और प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन आदि को लेकर हितग्राहियों को लाभ दिलाने में किसी तरह की समस्या न हो अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं किसानों की समस्याओं को लेकर बिजली विभाग से किसानों को समय पर बिजली उपलब्ध हो किसानों को फसल सिंचाई में परेशानी न हो और किसी भी किसान पर झूंठे केस न बनाएं जाए इस पर विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया। किसानों को किसी भी योजना का लाभ मिलने में परेशानी न हो- गांवों में बिजली और पानी की समस्या का तत्काल समाधान हो। वहीं राजस्व विभाग में जमीनी विवाद, नामांतरण, बंटवारे एवं जनता की समस्याओं का सीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जल संसाधन विभाग को क्षेत्र में फसल सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम प्रियंका भलावी, तहसीलदार प्रमोद उईके, जनपद सीईओ मोघराज मीणा, सीएमओ एलएस डोडिया, बीएमओ उमाकांत मिश्रा, जल संसाधन विभाग इजी. हरिशंकर कोरी, महिला बाल विकास, पीएचई विभाग, खाद्य विभाग, बेयर हाउस कार्पोरेशन सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गो-सम्मान आह्वान अभियान को लेकर संत समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

गो-माता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय मानस भवन में विशेष संत समागम एवं गो सम्मान जागरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें श्रीश्री 1008 सनातन शरण जी महाराज, नंद बाबा, नेपाली बाबा, अंडिया वाले गुरुजी,वोरास वाले महाराज , मुक्तानंद महाराज बापोली, चंद्रकांत शास्त्री सहित क्षेत्र के संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि और गोभक्त शामिल हुए। संतों ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की रक्षा के लिए गोमाता का संरक्षण आवश्यक है। अभियान का उद्देश्य गोमाता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक सम्मान दिलाना, गोहत्या पूर्ण प्रतिबंध, गौ आधारित कृषि को प्रोत्साहन देना है।

30 करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य : वक्ताओं ने कहा कि अभियान के तहत देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में 5 करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य रखा गया था, जबकि अब तक लगभग 21 करोड़ हस्ताक्षर होने का दावा किया गया है। दो चरणों में कुल 30 करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य है। नेपाली बाबा ने सभी गोभक्तों से 4 दिसंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाले गो सम्मान दिवस कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया।

प्रशासन ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर की सभी प्रमुख सड़कों के किनारे फुटपाथ और दुकानों के सामने नालियों पर अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। नगर परिषद स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के एक-दो दिन बाद पुनः अतिक्रमण होने से पुरानी स्थिति बन जाती है।

नगर परिषद द्वारा सड़कों दुकानों नालियों से अतिक्रमण हटाने 24 घंटों का समय चेतावनी की मुनादी करवाई जा रही है। इसके



बाद भी अतिक्रमणकारी उदासीन बने हैं। मुख्य सड़क टॉकीज रोड चौराहा, छोटा बाजार, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी के आसपास अतिक्रमण के कारण जाम लगने की स्थिति बनती है।

सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण

सड़कों स्कूलों के सामने फुटपाथ दुकानों के सामने दुकानों हाथ ठेला लगाने बैंकों के सामने वाहनों का जमावड़ा पिपरिया रोड चौराहे के साथ अन्य सड़कों के साथ टॉकीज के पीछे पुरानी अदालत एडीआई ऑफिस पुराने थाने सहित अन्य स्थानों की खाली पड़ी सरकारी बेशकिमती भूमियों पर कच्चा पक्का अतिक्रमण, पुराने जर्जर भवनों में अनाधिकृत रूप से लोगों का परिवार के साथ निवास से विभिन्न सरकारी विभागों की वेशकिमती भूमियों भवनों का स्वरूप अब निजी के रूप में बदलता जा रहा है।

कार्रवाई की जाएगी

तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

– **अंकित जैन,** एसडीएम बरेली।

ऑपरेशन के लिए चिरायु अस्पताल भेजा

नेत्र शिविरः 75 लोगों की जांच में 45 को मिला मोतियाबिंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दीवानगंज सहित आसपास के करीब 40 गांवों के ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। जांच के दौरान 75 लोगों में से 45 लोगों को मोतियाबिंद की बीमारी पाई गई। सभी 45 मरीजों को बस के माध्यम से भोपाल स्थित चिरायु अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके आंखों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

शिविर में अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया और गीदगढ़ सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण



शामिल हुए। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश यादव ने बताया कि 75 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 45 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है। इन सभी मरीजों को चिरायु अस्पताल भोपाल में ऑपरेशन के लिए भेजा गया है।

इसी क्रम में सांची सिविल अस्पताल में भी निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगा, जहां 70 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 22 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया।

आदिवासी आश्रम विवाद : पद से हटाए गए निर्वाचित सचिव, अब 16 नवंबर को महासमिति करेगी फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर स्थित ऐतिहासिक आदिवासी सेवा संघ आश्रम (बालक-बालिका छात्रावास) की कार्यप्रणाली और प्रबंधन को लेकर इन दिनों भारी विवाद छिड़ गया है। विगत दिनों कार्यसमिति की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर अधिकृत चुनाव में निर्वाचित हुए सचिव को पद से हटा दिया गया और उनके स्थान पर नए सचिव की नियुक्ति कर दी गई। इस निर्णय के बाद से ही स्थानीय आदिवासी समाज और संघ से जुड़े लोगों में भारी विरोध और शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू हो गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बढ़ते विरोध और विवाद को देखते हुए आगामी 16 नवंबर को आदिवासी आश्रम परिसर में



'महासमिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक (महासम्मेलन) बुलाई जा रही है।

इस बैठक में वर्तमान कार्यसमिति के फैसलों की समीक्षा और आगे की रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। बाहरी लोगों की नियुक्ति और अधिकार क्षेत्र पर उठे सवाल मामले के जानकारों और समाज के वरिष्ठ लोगों का मानना है कि आदिवासी सेवा संघ की स्थापना 2 अक्टूबर 1952 (गांधी जयंती) के दिन आदिवासी समाज के उत्थान के उद्देश्य से की गई थी। लेकिन समय-समय पर आश्रम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठते रहे हैं। आरोप है कि मूल आदिवासी लोगों को दरकिनार कर संस्था में अन्य लोगों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे समाज में रोष है।

महासमिति के अस्तित्व पर भी चर्चा

जानकारों ने एक और गंभीर पहलू की ओर ध्यान दिलाया है। उनका कहना है कि संस्था की मूल महासमिति के लगभग 60 से 70 प्रतिशत सदस्य स्वर्गवासी हो चुके हैं। ऐसे में वर्तमान कार्यसमिति या शेष बचे लोगों को इतने बड़े नीतिगत बदलाव करने का कितना वैधानिक अधिकार है। इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब सभी की निगाहें 16 नवंबर को होने वाली बैठक पर टिकी हैं। जहां पूरे विवाद का पटाक्षेप होने की उम्मीद है।

कार्रवाई से वाहन चालकों में मचा हडकंप

'नो एंट्री' में घुसा ट्रक, पुलिस ने ठोका पांच हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पुलिस ने दी सख्त चेतावनी - नियम तोड़ने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे भारी वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सीमेंट से भरा एक ट्रक नो एंट्री के बावजूद मुख्य बाजार से घुस गया। ट्रक के शहर में प्रवेश करने से जाम की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार भोपाल की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी का ट्रक शहर के सांची मार्ग स्थित कलेक्ट्रेट कॉलोनी में भवन निर्माण के लिए सीमेंट लेकर जा रहा था, जब ट्रक मुख्य बाजार से गुजरा तो जाम की स्थिति बन गई और वाहनों को निकलने में परेशानी हुई।

सूचना मिलने पर सिटी ट्रैफिक प्रभारी स्नेहा चंदेल ने मौके पर



पहुंचकर जांच में नो एंट्री उल्लंघन की पुष्टि होने पर मौके पर ही ट्रक का 5 हजार रुपए का चालान काटा गया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

भोपाल-विदिशा हाईवे फोरलेनः बालमपुर और दीवानगंज में हुई बैठकें

भूमि अधिग्रहण में किसानों को मिलेगा चार गुना मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 को फोरलेन में बदलने की तैयारी के साथ ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए गुरुवार को बालमपुर पंचायत और शुक्रवार को दीवानगंज पंचायत में राजस्व अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठकों में भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 11 के तहत अधिग्रहण की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

धारा 11 के तहत जुटाई जा रही भूमि मालिकों की जानकारी



शुक्रवार को दीवानगंज पंचायत में नायब तहसीलदार सुरेश सिंह की अध्यक्षता में पटवारियों और एमपीआरडीसी के कर्मचारियों की बैठक हुई। इसमें फोरलेन निर्माण के लिए किन गांवों में किन किसानों और ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी, इसकी जानकारी जुटाकर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। सभी पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिग्रहित होने वाली जमीन और संबंधित भूमि मालिकों का विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में पटवारियों को जमीन के नक्शे भी उपलब्ध कराए गए। इनमें सरकारी और निजी भूमि का अलग-अलग विवरण दिया गया है, ताकि अधिग्रहण की प्रक्रिया में स्पष्टता रहे। जानकारी के अनुसार, दीवानगंज पंचायत क्षेत्र में 41, सेमरा में 10 और नरखेड़ा पंचायत में 10 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा सुनारी और मुड़ियाखेड़ा सहित अन्य पंचायतों में भी जमीन अधिग्रहण को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

निजी जमीन और निर्माण का भी मिलेगा मुआवजा

अधिग्रहण के बदले प्रभावित किसानों और भूमि मालिकों को सरकारी गाइडलाइन दर के चार गुना तक मुआवजा दिए जाने का प्रावधान बताया गया है। जिन लोगों की जितनी निजी जमीन अधिग्रहित होगी, उसके अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। वहीं सरकारी जमीन को छोड़कर निजी भूमि पर बने मकान और अन्य निर्माण का भी नियमानुसार मुआवजा दिए जाने की जानकारी दी गई है। सांची ब्लॉक में करीब 28 एकड़ जमीन अधिग्रहण के दायरे में आने की जानकारी सामने आई है।

वर्तमान में भोपाल-विदिशा मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस मार्ग पर करीब 10,975 पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) यातायात दर्ज किया गया है, जबकि फोरलेन सड़क के लिए निर्धारित मानक 10 हजार पीसीयू बताया गया है। ऐसे में बढ़ते यातायात दबाव, महानगरीय क्षेत्र के विस्तार और भविष्य में वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए मार्ग का फोरलेन उन्नयन जरूरी माना जा रहा है।

फोरलेन निर्माण पूरा होने के बाद भोपाल से विदिशा और सांची तक का सफर आसान और कम समय में पूरा होने की उम्मीद है। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बिजली चोरी पर विजिलेंस टीम ने की कार्रवाई, 15 लोगों पर प्रकरण किए दर्ज

मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 135 व 138 के तहत केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को रायसेन से आई विजिलेंस टीम ने नगर में कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी के 15 प्रकरण दर्ज किए। वहीं बड़े बकायेदारों के परिसरों की जांच कर विद्युत अधिनियम की धारा 138 के तहत कार्रवाई की गई।

चेकिंग अभियान के दौरान स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए। ऐसे तीन उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 138 के अंतर्गत



प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा बिजली चोरी के मामलों में उपभोक्ता कैलाश राठौर, विनोद कुमार जैन आदि के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर मीटर स्वयं सिस्टम को संदेश भेजता है। इसके आधार पर संदिग्ध उपभोक्ताओं की जांच की जाती है और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

समय पर बकाया बिल जमा करने की अपील

विजिलेंस टीम में रायसेन प्रबंधक सतर्कता, सुरेंद्र गुप्ता सहायक प्रबंधक, सिलवानी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से बिजली उपयोग करने और बकाया बिल समय पर जमा करने की अपील की है।